तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 37.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 14 अप्रैल 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 हनुमान मूर्ति की डब्बीपानी में प्राण प्रतिष्ठा की गई



14 शासकीयकरण की मांग पर सचिव अड़े, हड़ताल जारी



## खबर संक्षेप

### शीतला मंदिर प्रांगण में चलाया सफाई अभियान



**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी कांकेर ग्रामीण मंडल में रविवार 13 अप्रैल को सेवा पखवाड़ा स्वच्छता कार्यक्रम ग्राम पंचायत आतुरगांव में माता शीतला मंदिर प्रागंण में चलाया गया। इस अभियान में मंडल अध्यक्ष कमलेश उसेंडी, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, ईश्वर कवाड़े, नारायण पोटाई, शिशुपाल पोटाई, अशोक नेताम, गोकुल पटेल, राकेश पादमकार, सावंत नेताम के अलावा महिलाएं, युवा एवं ग्रामीणजनों ने हिस्सा लिया।

### कोचिया के कब्जे से चार लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** गोण्डाहुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि




पीव्ही 19 बैकुण्ठपुर आरोपी सुशंकर बाला अपने घर आंगन में अवैध महुआ शराब को रखकर बिक्री कर रहा है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस 12 अप्रैल की रात 9 बजें आरोपी के घर दबिस दिया। तालाशी के दौरान पीव्ही 19 बैकुण्ठपुर निवासी 45 वर्षीय सुशंकर बाला पिता सुनील बाला के कब्जे से पांच लीटर वाला सफेद रंग के प्लास्टिक जरकीन में महुआ शराब मिला। कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब किमती 400 रूपएं को जप्त कर धारा धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### भानुप्रतापपुर भाजपा मंडल ने आंबेडकर जयंती मनाई



**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भानुप्रतापपुर भाजपा मंडल के बूथ स्तर तक संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को डा. अंबेडकर की प्रतिमा के आसपास साफ सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान, अभय पांडे, रत्नेश सिंह, अरविंद जैन ,गिरधारी नरेटी, हरि यादव, ललित गांधी और भानुप्रतापपुर मण्डल के भाजपा सदस्यों ने श्रमदान किया।

### जनपद सदस्य ने कोलर में शुरू किया कार्यालय



**अंतागढ़।** विकासखंड अंतागढ़ के जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 की जनपद सदस्य दंतेवश्वरी वट्टी ने कोलर जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 की पांच पंचायत कोलर, बैहासालेभाट, भैसगांव, तालाबेड़ा और फूलपाड़ की समस्या निवारण के लिए कोलर में कार्यालय का शुभारंभ 12 अप्रैल को किया। जनपद सदस्य ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए यह पहल प्रारंभ किया है। कार्यालय शुभारंभ के अवसर पर जनपद सदस्य के अलावा विक्रम दुग्गा, संतोष सुखदेवे, धनवीर बघेल एवं अन्य उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत रिसेवाड़ा निवासी 25 वर्षीय हिमालय यादव ने 11 अप्रैल की रात से अगले दिन 12 अप्रैल की सुबह 5 बजें के बीच अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। रिसेवाड़ा निवासी 50 शेष पेज 12 पर

---

कार्रवाई : डायलिसिस करवा रहे मरीजों की माँग पर तत्काल उपलब्ध करवाया एसी

# जनता की तकलीफ को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त विधायक ने अस्पताल प्रबंधन को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मरीजों की शिकायत पर वाशरूम को स्वयं की उपस्थिति में करवाया साफ





विधायक आशाराम नेताम जब से विधायक बने, तब से मेडिकल काँलेज के अस्पताल को दुरूस्त करने के लिए सवा साल में कम से कम दस से पंद्रह बार अस्पताल का निरीक्षण कर चुके है। शनिवार को निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन को फटकार लगाते हुए कहा कि जनती की तकलीफ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ड्यूटी चार्ट बनवाकर मंगवाया और कहा कि जो ड्यूटी नहीं करता है, उसे निलंबित करके बर्खास्तगी की कार्यवाही शुरू करे, चाहे वो कोई भी हो। लापरवाही और कामचारी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विधायक आशाराम नेताम शनिवार 12 अप्रैल को नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक के साथ मेडिकल काँलेज के कोमल देव अस्पताल पहुँचे और तीन घंटे तक रहकर सभी वार्डो में पहुँचकर मरीजों से समस्या को जानने का प्रयास किया और मरीजों की शिकायत पर वार्डो के वाशरूम को अपने सामने साफ करवाया। मरीजों की शिकायत से गुस्साएं विधायक ने उपस्थित अस्पताल प्रबंधन से साफ शब्दों में कहा कि मैं जनता का नौकर हूँ, कांकेर की जनता ने मुझे विधायक बनाया है, मेरी जनता को कोई भी तकलीफ समस्या होगी, मै बर्दाश्त नहीं करूंगा। अभी भी सुधार जाओ, नहीं तो लापरवाही और कामचोरी करने वाले स्टाप का बख्शा नहीं जाएगा। जनता की सेवा करने के लिए सरकार वेतन दे रही है और जनता की सेवा करने के लिए कोताही बरती जा रही है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक के सख्त तेवर देखते हुए अस्पताल प्रबंधन में हडकंप मच गया। विधायक ने कहा कि विधायक बनने के बाद कई बार आया हूँ और कई बार व्यवस्था को सुधार करने का निर्देश दिया, परंतु जैसा सुधार होना चाहिए, वैसा नहीं दिख रहा है। यह जिला अस्पताल जिले के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए है और भर्ती मरीजों की सेवा करने के बजाए मनमानी किया जाएं, वो सही नहीं है। सफाई कर्मचारियों को भी हिदायत दिया कि वार्ड एवं वार्ड के वाशरूम नियमित सफाई करते रहे, शिकायत मिलने पर कार्यवाही होना तय है। विधायक ने अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण काम का भी जायजा लिया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए, जिससे अस्पताल में जो जगह की कमी हो रही है, उसे ठीक किया जा सके। अधिकारियों से कहा कि बारिश के पहले निर्माण कार्य पूरा हो जाना चाहिए।

### डायलिसिस सेंटर को उपलब्ध करवाया एसी

डायलिसिस करवा रहे मरीजों से विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने बात किया तो उन्होने बताया कि गर्मी बहुत लगती है, डायलिसिस में एक मरीज को तीन से चार घंटे लगते है। मरीजों की समस्या को सुनकर विधायक ने तत्काल ऐसी उपलब्ध करवाया। मरीजों से कहा कि कोई भी समस्या हो तो तत्काल हमें जानकारी दें, हम उसका निराकरण करेंगे।

### ड्यूटी चार्ट में बदलाव लाने दिया निर्देश

विधायक ने अस्पताल प्रबंधन से प्रत्येक वार्ड में ड्यूटी करने वाले स्टाप की जानकारी लिया और ड्यूटी के संबंध में निर्देशित किया गया और ड्यूटी रोस्टर में बदलाव भी किया गया। जिला अस्पताल स्टाप का सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक और रात को 8 बजे से सुबह 8 बजे तक ड्यूटी चार्ट बनाने का निर्देश दिया।

---

# पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम का बदला मिजाज दोपहर के बाद छायी बदली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- 16 अप्रैल तक अंधड़ चलने और गरज-चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय हो जाने से मौसम में शुक्रवार को दोपहर बाद से बदली छायी रही वहीं रविवार को दोपहर बाद धूप नहीं निकली ओर बादली के साथ तेज हवा भी चली। कांकेर जिले के आसपास बारिश भी हुई। मौसम विभाग की मानें तो तापमान में उतार व चढ़ाव का खेल 16 अप्रैल तक जारी रहेगा। कांकेर व उसके सीमावर्ती जिलों में चमक व धमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है।पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय हो जाने से रविवार 13 अप्रैल को कांकेर के कुछ ईलाकों के अलावा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बस्तर समेत कई जिलों में बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने 16 अप्रैल तक अंधड़ चलने और गरज-चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। दक्षिण इलाके में नमी आने और सिस्टम बनने की वजह से प्रदेश की कई जगहों के साथ-साथ रविवार को हल्की बूंदाबांदी हुई। बदली होने के बाद भी तापमान में जो कमी आनी चाहिए, वो नहीं दिख रही है। सूरज की गर्मी इतनी है कि सुबह 10 बजे के बाद निकलना मुश्किल हो गया है, लोगों को धूप में निकलना है तो पूरे चेहरे को कपड़ो से ढककर ही निकल पा रहे है। पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव हो जाने से तापमान में कमी कुछ समय के लिए दिखती है, उसके बाद तापमान जस का शेष पेज 12 पर

---

# शहर व आसपास गाँव में महुआ शराब की अवैध बिक्री बढ़ी, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर कांकेर के साथ-साथ कई आसपास के कई गांवों में अवैध रूप से देशी शराब महुआ की बिक्री बढ़ गई है, अब यह शराब भी तीन गुने रेट में बिक रही है। कांकेर शहर में थाना से एक किमी. की दूरी पर कई ऐसे अड्डे है, जहां पर सुबह से लेकर शाम तक शराब बेची जा रही है। इसके अलावा उड़ीसा की शराब को भी कोचियों के माध्यम से बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार कांकेर शहर में दस ऐसी जगह है, जहाँ पर देशी शराब बेची जा रही है। अब तो कई मुहल्लेवालें बेहद परेशान हो रहे है, परंतु केवल मीडिया को फोन पर जानकारी देते है, उनसे कहा जाता है कि जिम्मेदारों को बता दो, तो जिम्मेदारों को फोन नहीं करने के कई कारण गिना देते है। नगरीय क्षेत्र कांकेर के वार्डो में सुबह-सुबह उन स्थलों पर भीड़ देखने को मिल जाती है, जहाँ पर शराब मिलती है। यह भीड़ सुबह 5 बजे से देखने को मिल जाएगी। आसपास के लोगों का कहना है कि माँग अभी ज्यादा बढ़ गई है। शहर के शांतिनगर वार्ड में चार से पाँच स्थानों पर लगातार देशी महुआ शराब अवैध ढंग से बेची जा रही है, उस मुहल्ले से एक व्यक्ति ने बीती रात को 10 बजे फोन करके जानकारी दिया, उससे कहा गया कि पुलिस के इस नंबर पर जानकारी देना बेहतर होगा तो उसका कहना था कि मैने आपको बता दिया है, आप खबर कर दीजिए। पुलिस को हम बताएंगे तो हमारा नाम पता चल जाएगा, ऐसे में मुहल्ले में रहना मुश्किल हो जाएगा। मदिरा प्रेमियों में यह भी चर्चा है कि उड़ीसा की शराब आ रही है, परंतु उसकी गुणवत्ता खराब होने के चलते लोग उसको पसंद नहीं कर रहे है। यह शराब कैसे आ रही है, यह समझ के परे है।

### आंबेडकर जयंती पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

**कांकेर।** डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर स्मारक समिति के द्वारा आज 14 अप्रैल को आयोजित जयंती समारोह के तहत सुबह 9 बजे बाईक रैली का आयोजन किया गया है और सायं 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का समापन एसबीआई के समीप डा. अंबेडकर प्रतिमा के पास होगा और सायं 6 बजे संबोधन कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्ष समिति के अध्यक्ष कौशल किशोर उके, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक और जिला पंचायत सदस्य सुलोचना मेश्राम के आतिथ्यि में होगा।

---



# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा, रणनीति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का जिला स्तरीय आकस्मिक बैठक मंडी प्रांगण कोरर में हुई, जिसमें बस्तर संभाग के ओबीसी समाज की बहुप्रतीक्षित मांगों के विषय में गहन विमर्श किया गया और वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सामान्य सीटों पर जो भी ओबीसी से जीतकर प्रतिनिधित्व का मौका हांसिल किए हैं, उनका सम्मान करने का प्रस्ताव पास किया गया है।

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के जिला अध्यक्ष माधेश्वर जैन व संरक्षक हरेश चक्रधारी, मनीष योगी ने सभी ओबीसी समाज से आव्हान किया कि सभी अपने ग्राम इकाई में मासिक बैठक कर संगठित रहें। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अनारक्षित सीट से ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधि जीतकर आएं है, उनके सम्मान करने की रणनीति तैयार किया गया और जल्द ही इसकी जानकारी दिया जाएगा। इसके अलावा समाज की माँगे जो लंबे समय से की जा रही है, उनके पूरा नहीं होने पर आंदोलन को लेकर चर्चा किया गया। बैठक के उपरांत जिला अध्यक्ष ने निषाद समाज से हरीश निषाद को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया और धनकर समाज के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष महेंद्र धनकर को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया।

आयोजित बैठक में राजकुमार साहू, धनेश यादव, परिक्षेत्र अध्यक्ष दयालु यादव, अशोक जैन, हेमंत यादव, विजय साहू, सत्कार पटेल, राकेश गुप्ता, बोधन साहू, जितेंद्र जायसवाल, वेदप्रकाश सिन्हा, राजेन्द्र सिन्हा, लक्ष्मीनाथ प्रधान, सुरेश नाग, रामेश्वर जैन, शंकर लाल यादव, रामकुमार पटेल, सतीश जैन, गीता राम धनकर, मायाराम जैन, खिलेश्वर साहू, दुर्गाप्रसाद जैन, राजेन्द्र प्रसाद कटेन्द्र, चैन सिंग जैन,हुक्कूम प्रसाद साहू, गोपाल साहू, मृत्युंजय साहज़, देवेंद्र सिन्हा, हरिराम साहू , हुकुमचंद जैन, सहित पिछड़ा वर्ग सामाज के लोग उपस्थित रहें।

---

# सेवा पखवाड़े में भाजपाइयों ने डा. आंबेडकर प्रतिमा परिसर में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 13 अप्रैल को कलेक्टोरेट मार्ग पर स्थित एवं एसबीआई बैंक के पास स्थित डाँ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा के पास स्वच्छता अभियान चलाया और भाजपाईयों ने कहा कि देशस्तर पर भाजपा का सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चल रहा है, जिसका 14 अप्रैल को समापन होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा के भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से बूथ स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम चल रहे है और पार्टी के निर्देश पर 14 अप्रैल को सेवा पखवाड़ा का अंतिम दिन है। जिले से लेकर बूथ स्तर तक 6 अप्रैल से विभिन्न कार्यक्रल चल रहे है, उसी के तहत 13 अप्रैल को यह अभियान चलाया गया। उन्होने कहा कि समय-समय पर महापुरुषों की मूर्तियों के साथ ही आसपास स्वच्छता अभियान चलते रहना चाहिए। इससे देश के महापुरुषों को याद करने के साथ ही स्वच्छता अभियान भी हो जाता है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि नगर पालिका के द्वारा भी शहर में स्वच्छता अभियान चलते रहेगा। भाजपा संगठन के माध्यम से भी शहर में विभिन्न कार्यक्रम चलते रहते है। मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पार्टी के द्वारा लगातार किया जा रहा है और इससे भाजपा के कार्यकर्ता सदैव सक्रिय बने रहते है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला महामंत्री भाजपा दिलीप जायसवाल, हलधर साहू, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक संजय सिन्हा, उत्तम यादव, दिनेश रजक, गिरधर यादव, विजय लक्ष्मी कौशिक, मीरा सलाम, रमशीला साहू, जयंत अठभैया, टिकेंद्र ठाकुर, विकास अंभोरे, जयप्रकाश गेडाम, उगेश्वरी उइके, मंजू सारथी, शकुंतला जैन, विजय लखवानी, पप्पू मोटवानी, योगेश साहू, अविनाश नेगी, शैलेंद्र सोरी, लाला नाविक सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दलित परिवार के साथ किया भोजन

**भानुप्रतापपुर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 13 अप्रैल को ग्राम मालापारा में दलित परिवार मनोज रावत एवं संजना रावत के घर पहुँचकर भाजपाईयों ने भोजन ग्रहण किया। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ग्राम में आए हुए भाजपा के पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजीव श्रीवास, योगेश सोनवानी, गिरधारी नरेटी, दीपांकर मजूमदार, परदेसी भारद्वाज, ओमप्रकाश निषाद, नारद गावड़े, कन्हैया नाग, दिनेश सोनवानी, सत्येंद्र गावडे एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थति रहे।



---

दुर्घटनाओं के बाद भी नहीं लग रहा है विराम

# नियमों को ताक पर रखकर ढोते हैं ट्रैक्टर और पिकअप में सवारियां, हादसे को न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



फाइल फोटो

जिलेभर मे ट्रैक्टर, पिकप व मालवाहक वाहनों के मालिक नियमों को ताक में रखकर सवारियों को ले जाना करते है। ग्रामीण क्षेत्रों में बराती ढोते हुए ऐसे वाहन कुछ ज्यादा ही नजर आते है और दुर्घटना के शिकार होते है। वाहन मालिक नियमों को ताक मे रखते हुए सवारी व चालकों की जान जोखिम में डालकर पैसा कमाने के लिए यह कारनामा करते है। आमतौर पर ट्रैक्टर का परमिट कृषि कार्य के उपयोग के लिए खरीदते है, इसके लिए टैक्स में छूट है। ट्रैक्टर मालिक इनसे रेत परिवहन व बाराती सवारी ढोने का काम करते है। इसी प्रकार पिकप मालवाहकों वाहनों को माल ढोने मे उपयोग मे लाना है, परंतु पिकप मालिक लालच मे पिकप को बाराती सवारी ढोने के लिए भेज देते है। पिकप में ठूंस ठूंसकर सवारी भर दी जाती है और चालक वाहनों को भगाकर दुर्घटना के शिकार लगातार हो रहे है। पिकप मे सवार हो रहे लोगों की जान खतरे को नजर अंदाज कर पिकअप का सवारी ढोने में धड़ल्ले से दुरपयोग किया जा रहा है। विगत वर्ष में शादी सीजन में भी पिकप वाहनों द्वारा शेष पेज 12 पर

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

यातायात प्रभारी दीपक राव ने कहा कि पिकप व ट्रैक्टर में सवारी को भरकर परिवहन करते हुए दिखेंगे, ऐसे वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जाएगी। पहली बार समझाईशदिया जाएगा, उसके बाद भी नहीं मानने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

---

# सेलेगोंदी बूथ में भाजपा ने चलाया गांव चलो, बस्ती चलो अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा सप्ताह कार्यक्रम के तहत 13 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के तत्वाधान में शक्ति केंद्र सेलेगांव अंतर्गत गांव चलो बस्ती चलो अभियान के प्रभारी शंकर यादव की अगवाई में गांव चलो बस्ती चलो कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम के प्रभारी ने सहयोगियों समेत बूथ में प्रवास करना किया। कार्यक्रम प्रभारी शंकर यादव ने इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संपर्क कर केंद्र की योजनाओं से आम जनता को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से पहुंच रहे लाभ एवं उनका हाल-चाल जानने का प्रयास किया। बूथ में निवासरत बूथ कमेटी के सदस्यों से भी भेंट मुलाकात किया एवं रैली के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी का प्रचार प्रसार करते हुए गांव की जनता से भेंट मुलाकात किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी कोरर मंडल शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पंजाब नेशनल बैंक ने मनाया स्थापना दिवस



**जगदलपुर।** पंजाब नेशनल बैंक का 131 वां स्थापना दिवस 12 अप्रैल को मनाया गया। इस उपलक्ष्य में पंजाब नेशनल बैंक शहीद पार्क शाखा को लाइट , गुब्बारे और फूलों से सजाया गया। इस अवसर पर ग्राहकों को फूलो के गुलदस्तों और शॉल से सम्मानित किया गया, केक कटा गया और उनके बीच मिठाइयां और चॉकलेट का वितरण किया गया। शाखा प्रबंधक श्री सत्येंद्र कुमार के द्वारा ग्राहकों को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी और पुरे जगदलपुर शहर में ऑटो रिक्शा में स्पीकर और विज्ञापन के माध्यम से दिनभर जागरूकता सन्देश दिया गया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों के अतिरिक्त भारत कुमार चावला, धर्मेंद्र सिंह चौहान, अतुल जैन, वसीम जिलानी, कौशल सिंह कुशवाहा व अन्य ग्राहक उपस्थित थे।

### लच्छूराम बने मंदिर समिति के अध्यक्ष

जगदलपुर। प्रपातेश्वर महादेव मंदिर का 12 अप्रैल को पुर्नगठन किया गया। इसके पूर्व गठित समिति को भंग किया गया जो पूर्व में मंदिर समिति के अध्यक्ष चैतन सिंह पेगड मंदिर समिति के अध्यक्ष थे। उनके स्थान की पूर्ति हेतु नई समिति का गठन करके व्यक्तियों को पदाधिकारी नियुक्त किया गया। इसमें लच्छूराम कश्यप अध्यक्ष, कृष्णा कुमार ठाकुर, मुंशी पेगड उपाध्यक्ष, लम्बोधर पटेल सचिव, प्रहलाद ठाकुर सह सचिव, घनश्याम सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। इस अवसर पर तुलसी ठाकुर, मकुन्द सिंह ठाकुर, नरसिंह ठाकुर, चुन्नीलाल ठाकुर, रैतुराम कश्यप, लुदुयादव, श्रीमती यादव एवं मोहन यादव शामिल रहे।

# अनुशासन और एकता ये दो तत्व समाज को प्रकाश की ओर ले जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर व वन सीजी के संयुक्त तत्वाधान में मेरा युवा भारत स्कीम के अंतर्गत विशेष जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास रहे। उन्होंने भारत माता के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि अनूप कुमार विश्वास ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में ऊर्जा और साहस होता है। जिससे वे हर कठिन परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों से अपनी शक्ति को पहचानने और उसका सदुपयोग कर परिवार, समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान अध्यापक सुकालू मरकाम ने कहा कि युवाओं को अपने गुरुजनों की सीख का पालन कर सकारात्मक दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए समाज कल्याण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विशेष अतिथि शिक्षक राजेश नेताम ने अनुशासन और एकता की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि यही दो तत्व समाज को प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स एवं सभी छात्रों से अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

### मेरा युवा भारत विशेष जागरुकता सप्ताह का भव्य आयोजन



#### प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता पहचानने का अवसर प्रदान करता है मंच

कार्यक्रम में सुश्री मुस्कान गुप्ता केयरटेकर, एनसीसी ने मेरा युवा भारत योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए एक ऐसा मंच है, जो उन्हें अपनी प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता पहचानने का अवसर प्रदान करता है। आभार प्रदर्शन व्याख्याता भारत राम मंडावी ने किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान युवाओं को नेतृत्वकारी भूमिका निभाने और समग्र विकास की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त स्टाफ को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, छात्र–छात्राएं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## लोकार्पण : क्षेत्रवासियों को दी सौगात, मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

# बयानार में वन मंत्री केदार कश्यप ने किया प्राथमिक चिकित्सा केंद्र भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के दूरस्थ ग्राम बयानार को आज एक बड़ी सौगात मिली, जहां वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के नए भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कुल 3 करोड़ 5 लाख 65 हजार रुपए के विकास कायोंर् का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को नववर्ष की तरह नई सौगात दी।

इस कार्यक्रम में 103.99 लाख रुपए की लागत से सीएसआर मद अंतर्गत निर्मित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र भवन का लोकार्पण और 201.66 लाख रुपए के विभिन्न विकास कायोंर् का भूमिपूजन किया गया। मंत्री कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि इस चिकित्सा केंद्र से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी और विकास कार्यों से गांवों को नई दिशा मिलेगी। बयानार में बने इस नवीन प्राथमिक चिकित्सा केंद्र से आसपास के 21 गांवों के करीब 15 हजार से अधिक ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इससे क्षेत्र में दवाओं की





समुचित उपलब्धता और मरीजों के इलाज में सुधार होगा। स्थानीय लोगों में इस केंद्र को लेकर उत्साह और खुशी का माहौल है। वन मंत्री ने विधायक निधि से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों और नलकूप खनन जैसे विकास कार्यों की भी घोषणा की, जिसकी कुल लागत 201.66 लाख रुपए है।

**रक्तदान शिविर का आयोजन** – लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर नए चिकित्सा केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें गांव के युवाओं ने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान किया।

**ये रहे मौजूद** – कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, दीपेश अरोरा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। यह पहल राज्य सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और सशक्त कदम के रूप में देखी जा रही है।

# कलेक्टर की पहल से शिल्पकारों को मिलेगा वैश्विक बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के शिल्पकारों को सशक्त बनाने और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय में शिल्पियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन स्थानीय शिल्पकला को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। शिल्पकारों के उत्पादों की गुणवत्ता, डिजाइन और विपणन को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ऐसा तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिससे शिल्पकार सीधे ग्राहकों से जुड़ सकें और उन्हें अपने परिश्रम का उचित मूल्य मिल सके।

- स्थानीय शिल्पकला को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ संकल्पित है जिला प्रशासन

कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि आईआईटी भिलाई के मैटालर्जी विभाग के सहयोग से आधुनिक तकनीकों को शिल्पकला से जोड़ा जा रहा है, जिससे न केवल उत्पादन प्रक्रिया में सुधार होगा, बल्कि नए डिजाइन भी बाजार की मांग के अनुसार विकसित किए जा सकेंगे। उन्होंने उपस्थित शिल्पकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी भी दी और इस योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक के दौरान शिल्पकारों ने कच्चे माल की आपूर्ति, औजारों की उपलब्धता सहित अन्य समस्याएं भी रखीं, जिन पर त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अनिरुद्ध कोच्चे सहित अनेक शिल्पकार उपस्थित रहे।

# गुरु सिंह सभा में धूमधाम से मना बैसाखी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के श्री गुरु सिंह सभा में गुरूद्वारा पर बैसाखी पर्व रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। नया बस स्टैंड शांति नगर स्थित गुरुद्वारा में स्थानीय जत्था की ओर से शबद-कीर्तन कर संगत को निहाल किया। दोपहर में गुरु का अटूट लंगर किया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मुख सभी ने बारी-बारी से माथा टेका। इस दौरान श्री गुरुसिंघ सभा के अध्यक्ष सरदार अमरीक, सचिव बलबीर, उपाध्यक्ष जंगबहादुर, कोषाध्यक्ष हरप्रीत, सह सचिव सरदार कुलदीप ने संयुक्त रुप से बताया कि आज ही के दिन पंच प्यारे प्रदान किया था। गुरुद्वारे में देर रात तक कार्यक्रम चले, इस दौरान आतिशबाजी भी हुई। अंत में गुरुद्वारा प्रधान ने सभी से गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया और कहा कि गुरु के बताए मार्ग पर चलने से ही तरक्की संभव है।

## टमाटर 20 रुपए किलो में बिका

जगदलपुर। दोपहर से रूक-रूक कर हो रही बारिश से साप्ताहिक बाजार पर सब्जी बाजार का कारोबार मंदा रहा, इससे सब्जी व्यापारी निराश रहे। हालांकि इस रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददार पहुंचे थे। बाजार में टमाटर 20, करेला 60, फूलगोभी 50, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

## पेज 11 के शेष

### पश्चिमी विक्षोभ...

तस 40 के आसपास चढ़ जाता है। मौसम विभाग की मानें तो 16 अप्रैल तक अंधड़ व बारिश होने के संकेत के चलते किसानों को अपनी फसलों की ओर ध्यान देना होगा, इस बार सबसे ज्यादा नुकसान आम की फसल को हो सकता है। इसके अलावा लोकल सब्जी पर भी प्रभाव पड़ना तय है।

### युवक ने फांसी...

वर्षीय सुदामा यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक ने भरीपारा नरहरपुर के चौक में काम्पलेक्श के एंगल में कपड़ा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नियमों को ताक...

बाराती ले जाने के कार्य के दौरान लापरवाही पूर्वक चलाने पर कई दुघर्टनाएं जिले में हो चुकी है। चौक में खड़े रहने वाले यातायात का अमला भी ऐसे वाहनों को देखता है, परंतु कार्यवाही के लिए अपने उच्च अधिकारियों को जानकारी नहीं देते है, जिससे कार्यवाही नहीं हो पाती है।

### सेलेगोंदी बूथ में...

के मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, कोरर मंडल के ऊर्जावान महामंत्री जय शिवना, महिला मोर्चा की जिला कोषाध्यक्ष जयना तारम भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता कृष्ण कुमार शुक्ला, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरवंश शिवना, सेलेगांव बूथ के अध्यक्ष उदय जैन, सेलेगोंदी बूथ के अध्यक्ष दिलीप चुरगिया, पंचूराम मसीया, शिवनारायण शिवना, पवन भरतद्वाज, राकेश भुवार्य, कवल भैसारा, देवीलाल मसीया, शांति नरेटी, कुशल नेताम सहित कार्यकरतागण उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया गया हनुमानजी का जन्मोत्सव

**बलौदाबाजार।** ग्राम सकरी में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान भक्तों के द्वारा छोटे बच्चों को भगवान राम, सीता, लक्ष्मी तथा हनुमान के रूप में सजाकर भव्य झांकी निकाली गई। जिस का ग्रामवासियों द्वारा चौक चौराहो पर पूजा अर्चना करने के अलावा पुष्प वर्षा भी की गई। कार्यक्रम के दौरान गांव के सभी युवा भगवा रंग के वस्त्र पहन तथा हाथ में ध्वजा लेकर रैली में शामिल होने के चलते पूरा गांव नगर का नजारा धर्ममय बना रहा। धर्म के प्रति बढ़ती आस्था के चलते ग्राम सकरी में हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं द्वारा किये जाने वाले आयोजन में साल दर साल बढ़ती भव्यता लोगो को आकर्षित कर रही है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान मंदिरो में फूलो के द्वारा विशेष साजसज्जा करने के साथ आयोजन की शुरूआत हुई। तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रे पर अमरता का वरदान प्राप्त करने वाले भगवान हनुमान की गाथा एवं भजन का स्वर गुंजने का सिलसिला देर रात तक जरी रहा। इस दौरान अलग–अलग समय पर श्रद्धालुओं द्वारा गांव के प्रमुख स्थानो पर भंडारा का आयोजन कर प्रसादी के रूप में खीर पूड़ी, चना गुड़, पुलाव वितरित किये गये। इस दौरान महामाया मंदिर के समीप, शनिमंदिर के समीप, हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर आदि स्थानों पर आयोजित भंडारे में प्रसाद लेने वालो की लंबी कतार लगी रही।

- छोटे बच्चों को भगवान राम, सीता, लक्ष्मी तथा हनुमान के रूप में सजाकर निकाली गई भव्य झांकी



## स्वच्छता दीदियों का सम्मान कर शिक्षिका ने मनाया अपना जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



सभी लोग अपने जन्मदिन को बड़े ही धूमधाम से मनाते है तो कई लोग अपने जन्मदिन को यादगार के रूप में मनाते है । वही शनिवार को फरसगांव निवासी निर्मला पात्र पति संतोष पात्र ने अपने जन्मदिन को अनोखे तरीके से मनाया। उन्होंने अपने जन्मदिन पर फरसगांव नगर पंचायत की स्वच्छता दीदियों को सम्मान करते हुए मनाया। उन्होंने अपनी परिवार वाले के साथ शाम 4 बजे नगर पंचायत पहुंचकर स्वच्छता दीदियों का सम्मान करते हुए उन्हें साड़ी भेट किया उन्हें मिठाई खिलाकर उनसे आशीर्वाद लिए। निर्मला पात्र शिक्षिका है जो बड़ेडोंगर के बेलभाटा स्कूल में पदस्थ है। इस दौरान निर्मला पात्र ने स्वच्छता दीदियों के कार्यों की तारीफ कर उनका आभार व्यक्त किए। स्वच्छता दीदीयो की मेहनत से हमारा नगर, समाज स्वच्छ और सुंदर बनता है। इनके कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। इस दौरान उनके पति संतोष पात्र, उनकी माता जी सहित परिवार के सदस्य योगेन्द्र ग्वाल, सोमनाथ मरकाम, राधे श्रीवास, लक्ष्मी ठाकुर भी उपस्थित थे ।

# कांटों से भरे खजूर पेड़ पर नंगे पैर चढ़कर, फिर नृत्य करते हैं शिवभक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लाक के पश्चिम बोरगांव में रविवार को आस्था विश्वास और पवित्र संस्कार के साथ शुरू हुआ। चरक पूजा यानी नील पूजा। क्षेत्र में इस समय बोलबम के उद्घोष के साथ भक्तिमय माहौल की धूम मची हुई है। बंगाली बाहुल्य क्षेत्र पश्चिम बोरगांव में चरक पूजा की तैयारी पूरी कर आज खेजूर भांगा पर्व मनाया गया जो चरक पूजा के एक दिन पूर्व मनाया जाने वाला पर्व है।

चरक पूजा के एक दिन पहले 13 अप्रैल रविवार को खजूर भांगा महोत्सव का आयोजन हुआ जिसका इंतजार लोग बेसब्री से कर रहे थे। शिवभक्त की टोलियों से सदस्य गंगा जल से स्नान कर गेरुआ वस्त्र धारण कर कंटीले खजूर पेड़ में बिना किसी सहारे चढ़ गए। नृत्य करते हुए पेड़ पर लगी कच्चे खजूर की डालियों को तोड़ नीचे फेंकते रहे। खजूर पेड़ के नीचे चारों ओर खड़े श्रद्धालु ऊपर से फेंके खजूर फल को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते रहे। जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पर्व का आनंद उठाया। बता दें कि यह दिन शिवभक्तों का भिक्षा मांगने का आखिरी दिन होता है। इसके एक दिन बाद यानी आज शिवभक्त अपने पीठ में रस्सी से लोहे की हुक लगा चरक पर्व मनाएंगे। चरक पूजा में वही भक्त शामिल होते हैं जो महीनेभर उपवास रहते हैं।

**बंग समुदाय का सबसे कठिन व्रत में से एक है चरक पूजा-** मान्यता है कि इस चरक पूजा के दौरान संन्यासी चैत्र माह के पूरे 30 दिन तक व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना करते हैं। यहां व्रत चरक पूजा के दिन समाप्त हो जाते हैं। मान्यता के अनुसार चरक पूजा सबसे कठिन व्रत में से एक है। जिसके लिए पूरे चैत्र माह भगवा वस्त्र धारी सन्यासी अपने समस्त सुख सुविधाएं त्यागकर ब्रह्माचार्य का पालन करते हुए भूखे प्यासे नंगे पैर रहकर दिन भर शिव पार्वती के रूप में सज धज कर नाचते गाते गांव गांव में घूमते हुए भिक्षा मांगते



हैं। उनसे भिक्षा आदि मांग कर रात को एक बार उबला हुआ सात्विक भोजन प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

**शिव जी को प्रसन्न करने करते हैं विशेष आराधना-** जानकार लक्ष्मण विश्वास बताते है चैत्र महीना बंग समुदाय के कैलेंडर का आखिरी महीना होता है। उसके बाद वैसाख महीना से बंग समुदाय के नव वर्ष का आगाज होता है। इसलिए साल के आखिरी चैत्र महीना के पहले दिन से ही बंग समुदाय के लोग शिव भगवान को प्रसन्न करने के लिए विशेष आराधना करते है। इसमें पूरे एक माह तक नंगे पैर गेरुआ वस्त्र धारण कर कठोर तपस्वी जीवन यापन किया जाता है। यहां तक कि भिक्षा मांगकर एक पहर का शाकाहार भोजन करते हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं।

# जगत जननी काव्य संग्रह का विधायक ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के साहित्यिक आकाश में एक नवीन काव्य संग्रह 'जगत जननी' बस्तर के गांधी पद्मश्री धरमपाल सैनी, विधायक किरण देव, महापौर संजय पाण्डे, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे, एमआईसी सदस्य व पार्षद लक्ष्मण झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा के उपस्थिति में लोकार्पित हुआ। जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में हुये इस विमोचन कार्यक्रम में लेखिका डालेश्वरी पाण्डे के प्रथम संग्रह की सभी ने काफी सराहना की। विधायक ने कहा हमारे बस्तर क्षेत्र को अनेक विषयों से जाना जाता है जिसमें से एक साहित्य भी है। हमारे यहां अनेक महान साहित्यकार जन्म लिये हैं। इस विमोचन कार्यक्रम में आकर अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। जब कभी भी साहित्य संबंधित किसी सहायता की आवश्यकता होगी हमारा सहयोग निश्चित रूप से मिलेगा। महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि यह काव्य संग्रह साहित्य के क्षेत्र में निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगा। लेखिका ने जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपनी कलम चलायी है। आपकी कविताओं को सुनकर ऐसा लगता है मां सरस्वती का आपको पूरा



आशीर्वाद प्राप्त है। आपकी लेखनी भविष्य में भी नवीन साहित्य का सृजन करती रहेगी। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री धरमपाल सैनी ने कहा कविता बन जाने के उपरांत उसके पीछे छिपी मेहनत नजर नहीं आती है। साहित्यकार का लेखन समाज के लिए उपयोगी और समाज को दिशा देने वाला होता है। वेद प्रकाश पाण्डे ने कहा कि हमारे समाज से यूं कियी महिला का लेखन कर्म में आना प्रसन्नता का विषय है और अन्य किसी के भीतर प्रतिभायें हैं उनको समाज के सम्मुख लाने के लिये हमेशा हमारा सहयोग मिलता रहेगा। एमआईसी मेंबर व पार्षद लक्ष्मण झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि लेखक की मेहनत का वर्णन करना असंभव है। वह दिन रात विचार करता हुआ लेखन कर्म करता है। अपने समीक्षा भाषण में अंचल की प्रसिद्ध लेखिका डॉ सुषमा झा ने जगत जननी की अनेक पंक्तियां पढ़कर सुनायी। कहां कि ये काव्य संग्रह में गेय कविताएं संग्रहित हैं जो लेखिका के गीत संगीत में दक्ष होने का प्रमाण है। अवध किशोर शर्मा ने कहा कि लेखिका ने घर परिवार की समस्याओं को लेकर बढ़यि ताना बाना बुना है। साथ ही स्त्री जीवन के कष्टों का अद्भुत चित्रण किया है। पिता को लेकर लिखी उनकी कविता उनके भाव पक्ष की सुंदर अभिव्यक्ति है।श्रीमती डालेश्वरी पाण्डे ने समस्त जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी कविता पढ़कर सुनायी। कार्यक्रम का संचालन करते हुये कहानीकार सनत जैन ने जनप्रतिनिधियों के समक्ष साहित्यकारों के कल्याण से संबंधित कुछ मांगें रखीं जिन्हें विधायक किरण सिंह देव ने पूरा करने का आश्वासन दिया। बस्तर संभाग के साहित्यकारों के लिए प्रतिवर्ष लाला जगदलपुरी के जन्मदिवस पर उन्हें सम्मान प्रदान किया जाये।

## खबर संक्षेप

### पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन आज

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा-6 अनुसार प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक सम्मिलन कराने का प्रावधान है। उक्त निर्देश के परिपालन में पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा 14 अप्रैल को प्रत्येक ग्राम पंचायत और ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन करने संबंधी निर्देश प्राप्त हुआ है। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने बताया कि 14 अप्रैल को होने वाले ग्राम सभा की बैठक में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और विभागीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में एजेण्डावार चर्चा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अन्य विषयवस्तु को भी ग्राम सभा के एजेण्डे में शामिल किया जा सकता है।

### विभिन्न कार्यों का नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**गीदम।** विभिन्न निर्माण कार्यों एवं रुके हुए कार्यों का निरीक्षण करने वार्ड क्रमांक 8 नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना पहुंचे। उन्होंने सामुदायिक भवन, सामुदायिक भवन के बाजू वाली रोड, आंगनबाड़ी भवन एवं अधूरी नाली का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जर्जर अवस्था में स्थिति सामुदायिक भवन को जल्द से जल्द मरम्मत करने एवं उससे सुसज्जित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जमीन की समस्या से अधूरे सीसी रोड़ को आपस में चर्चा कर समाधान निकाला। साथ ही जगह की समस्या होने के कारण अधूरे नाली पूर्ण नहीं हो पा रही थी, जिसे आपसी सामंजस्य से सबकी सहमति से जगह चिन्हांकित करते हुए समस्या का समाधान निकाला गया। श्री सुराना ने बताया कि जनता की समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता हैं। यदि कही विवाद की स्थिति बनती है तो हम आपस में मिलकर उस समस्या का समाधान करेंगे। हमारा नगर है और इसे हमें ही संवारना हैं।

## 231 बटालियन सीआरपीएफ ने किया खेल मेले का आयोजन

# अपनी ऊर्जा व प्रतिभा का उपयोग कर देश की प्रगति में कंधा मिलाकर चलना चाहिए : तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ सेक्टर तथा पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ रेंज दन्तेवाड़ा के निर्देशन में 231 बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय गीदम में सीआरपीएफ खेल मेले का आयोजन किया गया।

अक्सर देखा जाता है कि इस क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए अवसर नहीं मिल पाते है, इसलिए सीआरपीएफ खेल मेले के आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने के लिए उचित मंच प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता के दौरान दन्तेवाड़ा रेंज, सीआरपीएफ की 111, 195, 230 एवं 231 बटालियनों के परिचालनिक क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं की वॉलीबाल टीमों ने भाग लिया। वॉलीबाल प्रतियोगिता के दौरान पहला मैच 111 एवं 230 बटालियन के मध्य खेला गया जिसमें 230 बटालियन की टीम विजेता रही तथा दूसरा मैच 195 एवं 231 के मध्य खेला गया जिसमें 231 बटालियन की टीम विजेता रही, तदोपरान्त फाइनल मैच 230 एवं 231 बटालियन के मध्य खेला गया जिसमें 231 बटालियन की टीम विजेता रही। इसके उपरान्त चारों टीमों में से अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की रेंज दन्तेवाड़ा की वॉलीबाल टीम बनायी गई है।

दन्तेवाड़ा रेंज से बनायी गई वॉलीबाल टीम की अगली प्रतिस्पर्धा सेक्टर स्तर पर करायी जायगी। जहां छत्तीसगढ राज्य में स्थित सीआरपीएफ की 8 रेंजों से 8 सर्वश्रेष्ठ टीमें भाग लेंगी, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को कमशः 1 लाख, 50 हजार एवं 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। वॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन के दौरान सत्य नारायण तंवर द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें बेहतर खिलाड़ी बनने के साथ-साथ बेहतर नागरिक बनकर देश के विकास में रचनात्मक योगदान देने हेतु आह्वान किया। सत्य नारायण तंवर द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी ऊर्जा व प्रतिभा का समुचित उपयोग करते हुए देश की प्रगति में कन्धे से कन्धा मिलाकर चलना चाहिए। इसके पश्चात वहाँ उपस्थित सभी युवाओं ने सीआरपीएफ द्वारा आयोजित खेल मेले की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा सीआरपीएफ का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ. सुब्रतो मण्डल, सीएमओ एवं प्रताप कुमार बेहेरा, उप कमाण्डेन्ट भी मौजूद रहे।

## सुकमा के बच्चों ने मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट रेलवे स्टेशन व स्टील प्लांट को देखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सुकमा के छात्र-छात्राओं ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के तहत जगदलपुर का दौरा किया। इस भ्रमण का आयोजन पीएम श्री योजना के अंतर्गत जिला नोडल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान मेडिकल कॉलेज डिमरापाल, माई दंतेश्वरी एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन जगदलपुर एवं नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट का अवलोकन किया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ते हुए उनके शैक्षणिक क्षितिज को विस्तृत करना रहा।

इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप दिल्ली प्रवास के बाद जगदलपुर एयरपोर्ट पहुँचे। उपस्थित स्कूली बच्चों ने उनका भव्य स्वागत किया। बच्चों ने सांसद से मुलाकात कर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों हेतु आभार जताया।

सांसद ने बच्चों के इस उत्साहपूर्ण स्वागत के लिए उनका आभार प्रकट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

## हनुमान जयंती पर भिरलिंगा पहुंचे विधायक लखेश्वर बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोंड

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने ग्राम भिरलिंगा में हनुमान जी के मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामवासियों ने उनका भव्य स्वागत कर आत्मीयता एवं आभार व्यक्त किया, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। भगवान हनुमान, श्रद्धा, भक्ति, बल, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं, उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, निष्ठा और पराक्रम से सबकुछ संभव है।

बस्तर विधायक ने कहा कि हनुमान का चरित्र युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके आदर्शों को अपनाकर हम एक सशक्त, समर्पित और सेवा भाव से ओतप्रोत समाज का निर्माण कर सकते हैं। आज आवश्यकता है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में सौहार्द, भाईचारा और आत्मबल को बढ़ाएं।

## विधायक बालेंगा मेला स्थल पहुंच विकास कार्यों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोण्ड/घाटलोहंगा

विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत बालेंगा मेला के शुभ अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने मंदिर पहुंचकर लौहजारीन गंगादई माता की विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात उन्होंने मेले का भ्रमण कर आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके उपरांत विधायक ने मंदिर प्रांगण में जारी विकास कार्यों की समीक्षा की और संबंधित जनप्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश देते हुए श्रद्धालुओं से संवाद करते क्षेत्रीय विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और लौहजारीन गंगादई माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

## मंत्री केदार से मिले शिक्षक एलबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघठन अपनी प्रमुख मांग 1998-99 से सेवा गणना कर जीपीएफ कटौती करते हुए पुरानी पेंशन दिए जाने हेतु वन पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप से सौजन्य भेंट किया गया।

मंत्री से चर्चा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने उन्हें अवगत कराया की हमारी नियुक्ति 2004 के पूर्व 1998-99 में नियमित पद पर नियमित वेतनमान पर की गयी थी और नियमितीकरण भी वर्ष 2001 में किया गया और शासकीय करण 2018 में शिक्षा विभाग में हुई। जबकि भारत सरकार सिविल सेवा पेंशन नियम 1972 के तहत और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1976 के तहत नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पुरानी पेंशन दिए जाने का प्रावधान से अवगत कराया गया। उन्हें अवगत कराया गया कि ये से समस्त कर्मचारी चाहे वो वेतनभोगी हो अंशकालीन हो चाहे जिस प्रकार की नियुक्ति हो उन्हें यदि 2004 के बाद कभी भी शासकीय करण किया गया हो उन्हें नियुक्ति से सेवा गणना कर पुरानी पेंशन दिया जाना चाहिए जिसे हमें 1998-99 शिक्षक एलवी संवर्ग को वंचित किया गया है । उन्होंने आश्वस्त किया कि आप लोगों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

अधिकारियों से चर्चा कर आपको अवगत कराया जाएगा ऐसा उन्होंने आश्वासन दिया गया है। साथ ही नारायणपुर में सम्मान समारोह हेतु समय मांगा गया तो उन्होंने 14 अप्रैल के बाद कहा है। ज्ञापन व चर्चा के दौरान संभागीय अध्यक्ष अमलेस ठाकुर जिलाध्यक्ष कृष्णा बघेल, अनिल साहू सहित राजेश देवगन, माया बैद्य, मसू राम मंडावी, सूदन मौर्य, परशुराम ठाकुर, ठीबु राम बघेल, रतू राम मंडावी, जोड़िया राम बघेल, दमयन्ती श्रीवास, परशुराम भारद्वाज, कुसनु बघेल, सत्यनारायण पटेल, केशव मंडन, खगेस्वर नाग सहित शिक्षक साथी उपस्थित थे।

## 67 पंचायतों के ब्लॉक में 75 फीसदी गांवों में सालों से दिखावे का नल कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

राज्य के अंतिम छोर पर बसा दक्षिण बस्तर सुकमा जिला के कोन्टा ब्लॉक में जल जीवन मिशन के तहत हर घर पानी पहुंचाने की योजना अब तक सही ढंग से क्रियान्वित नहीं हो पाई है। हालाँकि 67 पंचायतों के इस ब्लॉक के सैकड़ों गांवों में यह योजना की शुरुआत दो तीन वर्ष पहले पूरे शबाब से की गई थी। दर्जनों गांवों में कहीं पाइप कनेक्शन तो कई खुदाई कर नाम मात्र दिखाने के लिए प्रति घरों के सामने नल कनेक्शन के प्लेटफार्म बना दो दिए गये किंतु ना ही अब तक नल लगाए गए हैं और ना ही लोगों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। वनांचल के अनेक पंचायतों में यह योजना नाम मात्र की साबित होकर ग्रामीणों के साथ मजाक बनी हुई है।

■ कोंटा ब्लॉक के अनेक पंचायतों में जल जीवन मिशन का लाभ नहीं

## प्रार्थना सभा के साथ मनेगा गुड फ्राइडे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर के चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में रविवार को खजूर के साथ क्रिश्चन समाज का दुख भोग सप्ताह भी शुरू हो गया है। इस सप्ताह चर्च में प्रार्थना सभाएं होंगी और इसी सप्ताह गुड फ्राइडे मनाया जाएगा। इसके बाद आने वाले रविवार को ईस्टर का पर्व मनाया जाएगा। चर्च में सुबह पाम संडे के अवसर पर एक जुलूस की शक्ल हाथों में खजूर की डालियां लिए होशन्ना के नारे लगाते हुए चर्च में प्रवेश किए। इसमें कई कलीसिया के लोग शामिल हुए और उसके बाद चर्च विशेष आराधना हुई। इस दौरान रेव्ह. यूसुफ सिंह ने यहूना और मती की पुस्तक से संदेश पढ़कर सुनाया। उन्होंने बताया कि क्रूस पर चढ़ाए जाने से पहले प्रभु यीशु मसीह का यरूशलेम में राजाओं की तरह स्वागत किया गया था। उनके स्वागत में खजूर की डालिया लेकर लोगों ने जयकारे लगाए थे। आज का दिन इसलिए भी मसीह समाज के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि आज नए बच्चों का चर्च में पूर्ण सदस्यता का संस्कार भी किया जाता है। इस वर्ष कलीसिया में लगभग 83 बच्चों को शामिल किया गया, उनको पास्टर डीएस रविंद्र नाथ और यूसुफ सिंह द्वारा कलीसिया में मिलाया गया। इस अवसर पर क्वायर कमेटी और महिला समिति की ओर से विशेष गीत भी गाए गए। अंत में रविंद्र नाथ के आशीष वचन के द्वारा सभा समाप्त की गई। रविवार के साथ ही दुख भोग सप्ताह भी शुरू हो गया है। इससे पहले 40 दिनों के उपवास में लोगों के घर-घर जाकर प्रार्थना की जाती रही। अब इस सप्ताह चर्च में प्रार्थना होगी। और गुरुवार को प्रभु भोज की संगति होगी। शुक्रवार को गुड फ्राइडे की प्रार्थना सभा दोपहर 11 से 3 बजे तक होगी, इसके बाद रविवार को ईस्टर पर्व मनाया जाएगा। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

## उत्कल समाज के चुनाव में 75 फीसदी मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

उत्कल समाज चुनाव के चुनाव में रविवार को मतदान हुआ। देर शाम हुई मतों की गणना में अच्युत सामंत और रमेश नंद जीत गए। अन्य पदों के लिए गिनती जारी रही।

■ कार्यालय सचिव में अच्युत सामन्त और संगठन सचिव में रमेश नंद चुनाव जीते

चुनाव अधिकारी दीनबन्धु रथ एवं प्रकाश रथ ने राकेश दास राकेश रथ,विजय दास,आनंद मिश्रा के सहयोग से चुनाव संपन्न कराया। चुनाव के दौरान कोतवाली टीआई शिवानंद सिंह के मार्गदर्शन में जवान तैनात रहे। एकता पैनल से अच्युत सामंत 70 मतों से निर्वाचित घोषित किये गए। उन्होंने अपने निकटम प्रतिद्वंदी सामाजिक विकास पैनल के आशीष दास को हराया। संगठन सचिव पद में एकता पैनल के रमेश नंद 72 मतों से निर्वाचित घोषित किये गए। उन्होने अपने निकटम प्रतिद्वंदी समाजिक विकास पैनल के प्रत्याशी को मात दी। चुनाव अधिकारी दीनबंधु रथ ने बताया कि 658 मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## सेडवा सुपर किंग ने ट्रॉफी पर किया कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा

241 बस्तरिया बटालियन सीआरपीएफ द्वारा हरजिन्दर सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक जगदलपुर रेंज के मागदर्शन में ग्राम सेडवा में स्थित राजूर स्टेडियम में सीआरपीएफ स्पोर्ट्स मेला के अन्तर्गत रेंज स्तरीय क्रिकट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें जगदलपुर रेंज की चार बटालियन के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में चुनी हुई चार टीमों कोलेंग नाईट राइडर्स 80 बटालियन, डोलेरेस रायल चैलेंजर्स 188 बटालियन , तोंगपाल टाईटन्स 227 बटालियन तथा सेडवा सुपर किंग 241 बस्तरिया बटालियन ने भाग लिया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में कोलेंग नाईट राइडर्स 1480 बटालियन 12 को हरा कर सेडवा सुपर किगं ने टॉफी पर कब्जा किया। उपरोक्त टूर्नामेंट का शुभारम्भ 10 अप्रैल को किया गया। इस दौरान प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों को बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल-कूद को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनको मुख्यधारा में जोड़ने हेतु प्रोस्ताहित करना है। प्रतियोगिता के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर टीम का गठन किया जाएगा, जो सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगें। बताया कि सी.आर.पी.एफ. न केवल आमजनों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि उनके विकास, जीवन स्तर को ऊँचा करने और उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतियोगिता के अन्त में महोदय ने विजेता व उप विजते। टीमों को टांफी प्रदान की।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंगम्मा सोयम और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के नोडल अधिकारी एवं सहायक आयुक्त शरतचंद्र शुक्ला ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय, वार्षिक प्रतिवेदन और स्वीकृत कार्यों का अनुमोदन प्रस्तुत किया। उन्होंने 2016-17 से 2024-25 तक जिले को प्राप्त राशि और खर्च का विवरण प्रस्तुत किया। सांसद ने विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, बिजली, आंगनवाड़ी केन्द्रों आदि के सम्बंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसके अलावा बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें भौतिक अधोसंरचना, विधुतीकरण, आंगनबाड़ी केंद्रों, सड़कों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के उपाय शामिल थे। कलेक्टर ने बताया कि सुकमा जिले में नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत गांवों को विकसित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। गाँव को विकसित करने के लिए जल प्रबंधन, हरित कृषि, सौर ऊर्जा, वन संरक्षण, और वृक्षारोपण जैसे कार्यों, पर्यटक स्थलों के विकास के लिए कार्य योजना, पोषण-संवेदनशील हस्तक्षेप और स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के उपायों पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र के विकास के लिए अपने सुझाव दे सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्य योजना में राशि प्रावधान किया है। बैठक में शासी परिषद के सदस्यों ने जिले के विकास के लिए विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी। बैठक में कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के पदेन अध्यक्ष श्री ध्रुव ने बस्तर सांसद और जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। इस बैठक में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और जिला अधिकारी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सीएम साय 15 व 16 अप्रैल को रहेंगे बस्तर प्रवास पर

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 15 और 16 अप्रैल को बस्तर प्रवास पर रहेंगे। उनके प्रवास को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को तैयारी और व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें जिला पंचायत के सीईओ प्रतीक जैन को नोडल अधिकारी और अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहायक नोडल अधिकारी होंगे। सम्पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी एसपी शलभ कुमार सिन्हा के जिम्मे रहेगी। अन्य व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### बंगीय समाज स्थापना दिवस मनाएगा 15 को

**जगदलपुर।** बंगीय समाज के अध्यक्ष मनोरंजन राय ने बताया कि 15 अप्रैल को 42वां स्थापना दिवस और बांगला शुभ नववर्ष प्रिती मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### परशुराम जन्मोत्सव मनाने सर्व ब्राम्हण समाज की बैठक आज

**जगदलपुर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर महारैली और सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने सर्व ब्राम्हण समाज की बैठक 14 अप्रैल को जगन्नाथ मंदिर में शाम 5 बजे होगी। बैठक में ब्राम्हण समाज के युवा और महिलाओं को भी उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

### पणा संक्रांति मनाएगा उत्कल समाज आज

**जगदलपुर।** उत्कल समाज कल 14 अप्रैल को पणा संक्रांति मनाएगा। इस अवसर पर सुबह 11.30 बजे से पंचपथ स्थित भैरम मंदिर में पणा का वितरण किया जाएगा। यह पर्व हर साल उत्कल समाज मनाता है। विशेष रूप से ओडिशा में पणा संक्रांति का काफी महत्व है। इसे एक उत्सव के रूप में वहां उड़िया समाज के लोग मनाते हैं।

### महापौर ने एक मुश्त जमा किया संपत्तिकर

**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक मुश्त संपत्ति कर का भुगतान रविवार को किया। नगर पालिका निगम के वित्तीय वर्ष 2025-26 मे संपत्ति कर देने वाले बने। संपत्ति कर जमा करने के साथ-साथ महापौर ने निर्धारित समयवधि में करो का भुगतान कर छूट का लाभ भी प्राप्त किया।

# 25 मिनट में 600 मीटर, कांगेर नाला में बैंबू राफ्टिंग का मजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान से लगे गांव मांझीपाल में बैंबू राफ्टिंग के लिए धमतरी से रविवार को आधा दर्जन पर्यटक पीडब्ल्यूडी के अधीक्षक रोहित नेताम एवं पशुपालन के डिप्टी संचालक डीके नेताम के नेतृत्व में पहुंचे। पर्यटकों ने बताया कि बांस राफ्टिंग जो सांस्कृतिक रूप से जड़ित और पर्यावरण, अनुकूल गतिविधि है। पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों का ध्यान आकर्षित कर रही है। मांझीपाल के कांगेर नाला में बांस राफ्टिंग एक अद्भुत और रोमांचक अनुभव प्रदान करती है, जो पर्यटकों को प्रकृति से जोड़ती है। बैंबू राफ्टिंग का उद्देश्य पर्यटकों को रोमांचक अनुभव प्रदान करना और सतत पर्यटन को बढ़ावा देना है। यह परियोजना क्षेत्र की अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता को उजागर करने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के लिए आजीविका के अवसर उत्पन्न करने के लिए डिजाइन की गई है। इको-डेवलपमेंट समिति के सदस्य बालसिंह, रैयतू एवं मंगलराम ने बताया कि कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान की ओर से मांझीपाल के कांगेर नाला में बैंबू राफ्टिंग से रोजगार मिला, इससे उनका और परिवार की आर्थिक रूप से मजबूत हो सकेगी। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को कांगेर नाला में 25 मिनट में 300-300 मीटर जाना आना राफ्टिंग कर रहे हैं। हर सप्ताह के शनिवार एवं रविवार को पर्यटकों की भीड़ रहती है।

## सैलानियों ने कहा, पर्यटकों को प्रकृति से जोड़ रही बांस राफ्टिंग



### पर्यावरण को बचाने, प्लास्टिक प्रतिबंधित

*वन विभाग जगदलपुर वृत्त मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा एवं कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणी सिंह ने कहा कि पर्यटक मांझीपाल में बांस राफ्टिंग के लिए पहुंच रहे हैं। इको-डेवलपमेंट समिति के सदस्यों को कहा कि किसी पर्यटक को बिना लाइव जैकेट के बैंबू राफ्टिंग नहीं कराएं। पर्यावरण को बचाने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने दें।*

**तैयारी:** अप एवं डाउनस्ट्रीम में जमा सिल्ट,लूज बोल्डर, रेत की बोरी, मिट्टी हटाने होगा काम

# इंद्रावती नदी से छत्तीसगढ़ को 16 प्रतिशत से बढ़कर मिलने लगा 49 प्रतिशत पानी

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

- राष्ट्रीय जल परिषद की बैठक में केदार कश्यप ने इंद्रावती का उठाया था मुद्दा

इंद्रवती नदी से छत्तीसगढ़ के हिस्से को मिल रहा पानी सोलह प्रतिशत से बढ़कर 49 प्रतिशत होगा है। यही नहीं आने वाले समय में जल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए भी कवायद चल रही है। नदी में साढ़े तीन करोड़ की लागत से इंद्रावती-जोरानाला के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में जमा सिल्ट,लूज बोल्डर,पत्थर,रेत की बोरी,मिट्टी इत्यादि को स्थाई रूप से नदी से बाहर करने के लिए ओडिशा राज्य द्वारा तैयारी की जा रही है। जिससे पानी का बहाव नैसर्गिक तरीके से होता रहेगा। छत्तीसगढ़ राज्य को अपने हिस्से का 50 प्रतिशत पानी मिलना शुरू होगा। इस पर आने वाला खर्च भी ओडिशा सरकार देगी। स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सिंचाई मंत्री केदार केश्यप की पहल से यह साकार हो रहा है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्मी शुरू होते ही इंद्रावती में जल संकट गहराने लगा था, सिंचाई मंत्री ने राजस्थान के उदयपुर में केंद्रीय मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जल परिषद की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। बैठक में ओडिशा के सीएम और जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। समस्या को देखते हुए तय हुआ कि इसका समाधन निकाला जाए। इसी बीच मुख्यमंत्री साय ने ओडिशा प्रवास के दौरान वहां के सीएम मोहन चरण मांझी के साथ मुलाकात में इस मुद्दे पर ध्यान दिलाया और इसके बाद तत्काल कवायद शुरू हो गई। दोनों राज्यों के सिंचाई विभाग एवं प्रशासनिक अमले के द्वारा संयुक्त अवलोकन किया। इसके बाद अस्थाई तौर पर छत्तीसगढ़ की ओर जल प्रवाह में रुकावट बन रहे समस्याओं का निराकरण किया गया।



### अवरोधों को हटाया तो मिलने लगा पानी



बस्तर जिले में गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को देखते हुए छत्तीसगढ़ और ओडिशा के अधिकारियों ने 27 फरवरी और 21 मार्च 2025 को इन्द्रावती-जोरा नाला के मुहाने का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान बनी सहमति के अनुसार, हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में जमा रेत, लूज बोल्डर, रेत बोरी और अन्य अवरोधों को हटाकर अस्थायी रास्ता बनाया गया। इस कार्य को 30 मार्च 2025 तक पूरा किया गया।

# माओवादमुक्त पंचायतों को मिलेगी एक करोड़ रुपए विकास निधि : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- गांवों को बस, मोबाइल सेवा और बिजली कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों के सरपंचों, जनपद सदस्यों और जिला पंचायत प्रतिनिधियों के साथ माओवाद मुक्त बस्तर के निर्माण को लेकर व्यापक चर्चा की। बैठक में उन्होंने कहा कि बस्तर में विकास की अपार संभावनाएँ हैं और यहाँ के बच्चे अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। माओवाद के कारण विकास की प्रक्रिया बाधित होती है, जिसे समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उपमुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान करते हुए कहा कि जो माओवाद की राह छोड़कर समाज की मुख्यधारा में आना चाहें, उनका पुनर्वास राज्य शासन द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। आत्मसमर्पित नक्सलियों को तत्काल 50 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाएगी तथा उन्हें 4-5 महीने के आवासीय कौशल प्रशिक्षण में शामिल किया जाएगा, जिसमें रहने-खाने की सुविधा के साथ-साथ 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। गृहमंत्र श्री शर्मा ने बताया कि माओवाद मुक्त पंचायत घोषित होते ही संबंधित ग्राम पंचायत को एक करोड़ रुपये की विकास निधि स्वीकृत की जाएगी। जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों को भी पृथक से विकास कार्यों के लिए राशि दी जाएगी। साथ ही संबंधित गाँवों को बस सेवा, मोबाइल नेटवर्क और बिजली कनेक्टिविटी से भी जोड़ा जाएगा।

## सुरक्षाबल के वीर जवानों ने अदम्य साहस का दिया परिचय : गृहमंत्री

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के इंद्रावती क्षेत्र के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 3 नक्सलियों को मार गिराने में वीर जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने जारी बयान में कहा कि इस सफल अभियान के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नक्सलवाद के समूल उन्मूलन हेतु जो ठोस रणनीति बनाई गई है, उसके अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता और समन्वय के साथ कार्य कर रही है। हमें पूरा विश्वास है कि मार्च 2026 तक बस्तर सहित समूचा देश नक्सलवाद की काली छाया से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार सैन्य अभियान के साथ-साथ बस्तर के सर्वांगीण विकास और नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास की दिशा में भी गंभीर प्रयास कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने नक्सलवाद के मार्ग पर भटके सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे हिंसा का मार्ग छोड़ें और मुख्यधारा में लौटें। राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में नक्सल विरोधी अभियानों में बड़ी सफलता मिली है।

## बाबा साहेब को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने किया नमन

**जगदलपुर।** बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा डा.अम्बेडकर की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव शामिल हुये। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उन्हें नमन किया। शहर के अंबेडकर वार्ड स्थित तिरंगा चौक और लाल बाग मैदान में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल में पहुँच भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्जवलित किया। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित करेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, श्रीधर ओझा, दंतेश्वर राव, उमाकांत सिंह, नरसिंह राव, नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, सुरेश गुप्ता, आर्येन्द्र आर्य, आलोक अवस्थी, संग्राम सिंह राणा, निर्मल पाणिग्रही, सफीरा साहू, राणा घोष, राजपाल कसेर, रंजीत पाण्डेय, पितामह नायक, दिगम्बर राव, गिरिजा गुप्ता, केतन महानंदी,किरण दीवान, कौशिक शुक्ला, संतोष गौर, श्याम सुंदर बघेल,शैलेष श्रीवास्तव, रीना राय, लाला महावर, राजेश श्रीवास्तव, राजेश साव,नागेश्वर राव, मणि विक्रम नायडू, योगेश पाणिग्रही, आशू आचार्य इत्यादि मौजूद रहे।

## निष्ठावान कार्यकर्ताओं की दंतेवाड़ा में कमी नहीं : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का कार्य्रकम भाजपा जिला कार्यालय चितालंका में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता, श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुख़र्जी, अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दिप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व महापौर जगदलपुर संजय पांडे का भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया, मुख्य अतिथि व सक्रीय सदस्यता सम्मेलन के संभाग प्रभारी, जगदलपुर नगर निगम के महापौर संजय पांडे, विधायक चैतराम अटामी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर मार्गदर्शन किया। संजय पांडे ने सक्रिय सदस्यता सम्मलेन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पंच से पार्लियामेंट तक बनाने का जो लक्ष्य था उसको दंतेवाड़ा में आप सभी कार्यकर्ताओं ने कड़ी परिश्रम कर विषम परिस्थितियों में दंतेवाड़ा जैसे चुनौतीपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में पूर्ण किया है। निसंदेह निष्ठावान कार्यकर्ताओं की दंतेवाड़ा में कोई कमी नहीं है, आप सभी कार्यकर्ताओं को प्रचंड जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इतने अधिक संख्या में भाजपा के दंतेवाड़ा के सक्रिय सदस्य आज उपस्थित है यही भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाता है।



## मरकाटोला की समाधान पेटी में मिले 460 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनेलीकन्हार

राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार में समस्याओं का समाधान आपके शहर आपके ग्राम अभियान के तहत ग्राम मरकाटोला के पंचायत भवन में 8 से 11 अप्रैल तक अभियान चलाया गया। इस अभियान में 460 आवेदन समाधान पेटी में मिले। प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, महतारी वंदन योजना एवं विभिन्न समस्या के समाधान लिए आवेदन व ग्राम में भारत माता वाहिनी महिला समूह द्वारा नशा मुक्ति को लेकर आबकारी विभाग को आवेदन कर शिकायत पेटी में डाला गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी रोजगार सचिव लक्षण हिचामी, ग्राम के सरपंच मिथलेश कावड़े, उप सरपंच प्रिंस पाण्डेय, ग्राम ठाकुर छबि हिचामी, ग्राम पटेल सहित समस्त पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## हनुमान मंदिर के लिए रिसेवाडा में भूमिपूजन

**बनसागर।** विकास खंड नरहरपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाडा में हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। महावीर बजरंगबली की पूजा अर्चना कर सभी ग्रामवासी मिलकर नदी किनारे पटेल सामाजिक भवन के पास दक्षिणामुखी पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। मां शीतला की उपस्थिति में शीतला पुजारी किशोर मांडवी के द्वारा गैती से खोदकर मंदिर निर्माण के लिए शुरूआत किया गया। इसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम अध्यक्ष राजेंद्र मडावी, रेखुराम पटेल, बृजलाल जैन, अजीत सिंह, थानुराम पटेल, पूनम दास मानिकपुरी, प्रकाश पटेल, जगदीशपुरी गोस्वामी, तिलकराम पटेल, यश कुमार पटेल, मुकेश पटेल, सरदार मांडवी, तेजेश्वर पटेल, दिनेश पटेल, हेमंत पटेल व समस्त ग्रामीण शामिल हुए।

## हनुमान मूर्ति की डब्बीपानी में प्राण प्रतिष्ठा की गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं ग्राम समिति डब्बीपानी में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर में वीर बजरंग बली मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया गया।

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम डब्बीपानी में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और ग्राम समिति डब्बीपानी के द्वारा भगवान हनुमान की मूर्ति की स्थापना किया गया था, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 12 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद जिला धर्माचार्य प्रमुख शीतला मंदिर कांकेर के पुजारी पुरन महाराज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच महेश्वर शोरी, जामगांव सरपंच भागवती उइके, गायता परमेश मंडावी, पंच सोमनाथ मंडावी, श्रवण महावीर, भानसिंह बघेल, बजरंग दल प्रखंड संयोजक रोशन बघेल, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख सुरेंद्र बघेल, भुवन बघेल,परमेश, यशवंत, पंकज, हरीश, गजेंद्र, डोमेश, करण, खगेश,शिवम्, रोशन महावीर आदि कार्यकर्ता व ग्रामवासी माताएं व बहने उपस्थित रही।

## शासकीयकरण की मांग पर सचिव अड़े, हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

- पंचायत सचिव ने कहा- बरखास्त होना मंजूर, शासकीयकरण के बाद ही करेंगे काम



प्रदेश के पंचायत सचिव एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर हड़ताल पर है। पंचायत सचिवों अपने मुख्य मांग शासकीयकरण को पूरा करवाने के लिए वर्तमान सरकार के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के घोषणा पत्र के मोदी गारंटी 100 दिन के भीतर पूरा करने का संकल्प पत्र में जारी किया गया था।

पंचायत सचिवों की मांग के संबंध में रायपुर में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर दो से तीन माह में मांग पूर्ण करने का मुख्यमंत्री के द्वारा सम्मेलन में कहा गया। मुख्यमंत्री के द्वारा यह भी कहा गया था कि महतारी योजना, धान खरीदी 18 लाख आवास का भी घोषणा पत्र में शामिल तथा इनके लिए घोषणा करने की जरुरत नही पड़ी, वैसी ही पंचायत सचिवों के लिए घोषणा की जरुरत नही पड़ेगा। सीधा आदेश किया जाएगा और वार्षिक मुख्य बजट में रखने का बात कहा गया था, किन्तु पंचायत सचिवो का मांग के संबध में बजट में नही रखा गया है। हमें पैसा नही चाहिए हमे अच्छा सम्मानजनक वेतन मिल रहा हैं, उतना में ही संतुष्ट हैं, सिर्फ हमें हमारे पद को शासकीयकरण किया जाए। सरकार के द्वारा पंचायत सचिवों को हड़ताल से वापसी करने के लिए दमनात्मक कार्यवाही अधिकारियों के माध्यम से दबाव डालते हुए कई प्रकार हथकंडे अपनाया जा रहा है। सरकार के हथकंडे से हम डरते नही, हड़ताल तोड़ने के लिए आदेशों को विरोध करते हुए हड़ताल को आगे और उग्र करने की तैयारी कर रहें है। पंचायत सचिवों का कहना है चाहें हमे बरर्खास्त कर दें स्वीकार है, परन्तु जब तक हमारा शासकीयकरण का आदेश नहीं हो जाता, हड़ताल से वापिस नही होगें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411